# DEV SANSKRITI COLLEGE
## OF EDUCATION & TECHNOLOGY

**Khapri, Dhamdha Road, Durg (Chhattisgarh)**

**Accredited with B+ Grade by NAAC**

**E-Mail Id – officedscet@gmail.com**

# वार्षिक प्रतिवेदन
## (Annual Report)

**सत्र : 2022–23**

प्रस्तुति
श्रीमती ममता दुबे
प्रभारी प्राचार्य

# महाविद्यालय का परिचय

देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी ग्राम–खपरी, पोस्ट–जेवरा सिरसा, धमधा मेन रोड, जिला–दुर्ग में स्थित है। महाविद्यालय का संचालन वेदमाता गायत्री शिक्षण समिति द्वारा 2007 से किया जा रहा है। हमारा महाविद्यालय रेलवे स्टेशन से महज 6 किमी. की दूरी पर व IIT कुटेला भाठा भिलाई से 2 किमी. की दूरी पर स्थित है। महाविद्यालय का स्वयं का विशाल भवन सर्वसुविधायुक्त संरचना के साथ–साथ बहुत सुंदर उद्यान जो कि प्लास्टिक तंबाकू मुक्त परिसर में उपस्थित है साथ ही साइकिल स्टैंड व आऊटडोर खेलों के लिए विशाल खेल का मैदान भी उपलब्ध है। हमारे महाविद्यालय का मुख्य सिद्धांत **'तमसो मा ज्योर्तिगमय'** अर्थात् **'हे प्रभु' ।** 'हमें अज्ञानता से ज्ञान की प्रकाश की ओर ले चलो' है। इस सिद्धांत के अन्तर्गत ही हमारा महाविद्यालय विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का प्रकाश प्रज्जवलित करता है। सत्र 2021–22 में हमारे महाविद्यालय में नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया हुई जिसमें महाविद्यालय को B+ ग्रेड प्राप्त हुआ। महाविद्यालय परिसर में सत्र 2022 से मेडिसिनल गार्डन का भी निर्माण किया गया जिसमें विभिन्न औषिधीय पौधों को संग्रहित किया गया है, जो कि कोरोनाकाल की एक बहुत बड़ी मांग थी।

हमारे महाविद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तग्रत कम्प्यूटर प्रशिक्षण योगा, पर्सनाल्टी डेवलपमेंट, व इंग्लिश कम्यूनिकेशन के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। सत्र 2018–19 से महाविद्यालय में केंचुआ खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है व आसपास के ग्रामीण विद्यालयों में कीटनाशकों के उपयोग व प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं।

हमारे महाविद्यालय द्वारा विभिन्न संस्थाओं के साथ MOU समय – समय पर महाविद्यालय में इन संस्थाओं के साथ विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है। हमारे महाविद्यालय में विभिन्न धर्म, जाति व समुदाय के विद्यार्थी प्रवेश लेते हैं परंतु हमारे आध्यात्मिकता व मौलिकता पर आधारित ज्ञान के द्वारा वे बेहतर इंसान बनकर समाज में अपना स्थान बनाते हैं। IQAC की स्थापना के पश्चात महाविद्यालय में शैक्षिक वातावरण में वृद्धि व विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा में सर्वांगीण विकास भी किया जाता है।

# प्राध्यापक सूची

| S.No. | Name of the teacher | Designation | Nature of appointment | Name of Dept. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Kuber Singh Gurupanch | Principal | Permanent | |
| 2. | Mrs. Mamta Dubey | Assit.Prof | Permanent | Computer Sci. |
| 3. | Mr. Jaihind Kachhoriya | Assit.Prof | Temporary | Computer Sci. |
| 4. | Mr. Kaushik Bakta | Assit.Prof | Temporary | Computer Sci. |
| 5. | Miss Afrin | Assit.Prof | Temporary | Commerce |
| 6. | Mr. Amit Kumar Agne | Assit.Prof | Permanent | Commerce |
| 7. | Miss. Preeti Janghel | Assit.Prof | Temporary | Commerce |
| 8. | Mrs. Jyoti Purohit | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 9. | Mrs. Reena Manikpuri | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 10. | Mrs. Kirtilata Soni | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 11. | Mrs.Prity Pandey | Assit.Prof | Permanent | Education |
| 12. | Mrs.Varsha Sharma | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 13. | Miss. Chitrarekha Raghuvanshi | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 14. | Mrs. Vandan Kosre | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 15. | Mrs. Reena Dwivedi | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 16. | Mrs. Varsha Yadav | Assit.Prof | Temporary | Education |
| 17. | Mrs. Dhaneshwari Sahu | Assit.Prof | Temporary | Arts/Edu. |
| 18. | Mrs. Pratima Manikpuri | Assit.Prof | Temporary | Lib. Science |
| 19. | Mr. Laxmi Narayan | Assit.Prof | Temporary | Art Edu. |

# गैर शैक्षणिक सूची

| S.No. | Name of the Staff | Post |
|---|---|---|
| 1) | Mr. Vinod Nair | Accountant |
| 2) | Mr. Ganesh Sahu | Office Superintendent |
| 3) | Mr. Yogesh Sahu | Librarian |
| 4) | Mr. Parmanand Gautam | Office Assistant |
| 5) | Mr. Anil | Data Entry operator |
| 6) | Mr. Sagar | Driver |
| 7) | Smt. Nirmala | Sweeper |
| 8) | Smt. Neeta | Sweeper |
| 9) | Smt. Tara Bai | Sweeper |
| 10) | Smt. Pratima Bai | Sweeper |

# सांस्कृतिक गतिविधियॉ

हमारे महाविद्यालय में प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। इस वर्ष आयोजित होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है :–

- 17 जुलाई 2022 को विदाई समारोह व एल्यूमनी मिट का आयोजन किया गया।
- दिनांक 26.07.2022 कारगिल दिवस पर मौखिक प्रस्तुतीकरण (शहीदो की शहादत) एवं शपथ ग्रहण हुआ।
- 24 सितंबर 2023 को पोषण सप्ताह के अंतर्गत व्यंजन प्रतियोगिता मनाया गया।
- दिनांक 01.10.2022 नवरात्री के उपलक्ष्य पर गरबा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 19 अक्टूबर 2022 को रंगोली व पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 20.01.2023 को महाविद्याल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया।

# पाठयेत्तर गतिविधियाँ

- 29 जुलाई 2022 को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया एवं महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।
- दिनांक 03.08.2022 आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा घर –घर तिरंगा के विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता व गांधीजी के बुनियादी शिक्षा पर आधारित व पर्यावरण प्रदुषण से मुक्त ''बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट'' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 10.09.2022 को शिक्षक दिवस मनाया गया एवं नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत किया गया।
- दिनांक 14.09.2022 से 20.09.2022 हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत विश्व हिन्दी दिवस पर निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 23.09.2022 एकदिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 15.11.2022 को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय ''लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मिडिया की भूमिका'' था।
- 2 दिसंबर 2022 को विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया।
- 24 दिसंबर 2022 को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर ''उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम'' विषय पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 22 मार्च 2023 को विश्व जल दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# सहपाठयेत्तर गतिविधियाँ

सहपाठयेत्तर गतिविधियों के अंतर्गत विश्वविद्यालय के आदेशानुसार दिनांक 05.01.2023 से 07.01.2023 तक राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर वाद–विवाद, पोस्टर, भाषण, कोलाज, स्पॉट पेंटिंग इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# खेलकूद गतिविधियॉ

- इस वर्ष 2022 में 72वीं जूनियर नेशनल वेस्ट जोन बास्केट बॉल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। बी.ए. प्रथम वर्ष से रूखसार अली व ज्योति प्रजापति ने भाग लिया।
- 26 अक्टूबर 2022 को सेक्टर स्तरीय अर्न्तमहाविद्यालय बास्केट बॉल प्रतियोगिता में छात्राओं ने उपविजेता रहकर रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में रूखसार अली, ज्योति प्रजापति, डी अनुशा, पी दिव्या और हिमशिखा शामिल थी।
- दिनांक 04.11.2022 में विप्र महाविद्यालय रायपुर में दो दिवसीय राज्यस्तरीय बॉस्केट बॉल में विश्वविद्यालय की टीम विजयी रही। जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय की छात्राएं रूखसार अली, ज्योति प्रजापति, डी अनुशा, पी. दिव्या और हिमशिखा प्रतिभागी के रूप में शामिल थे।
- 72वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया हमारी महाविद्यालय की छात्राएं रूखसार अली, डी अनुशा ने उपविजेता का खिताब जीता।
- 31 जनवरी से 4 फरवरी तक 5वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अन्तर्गत हमारे महाविद्यालय की होनहार खिलाड़ी रूखसार ने उपविजेता के तौर पर रजत पदक प्राप्त किया।

# छात्रवृत्तियॉ

हमारे महाविद्यालय में विभिन्न संवर्गो से विद्यार्थी आते है। जिन्हे केंद्र आयोजित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसमें 150 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। साथ ही महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस वर्ष से फ्री शिप देने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। जिसके अंतर्गत बी.ए. प्रथम वर्ष की 3 छात्रायें, बी.कॉम प्रथम का एक छात्र लाभन्वित हुए जिन्हे शिक्षण शुल्क में छूट प्रदान की गई।

# Government Scholarship Scheme (ST/SC/OBC)

| Category | Total No of Student | Amount in Rs |
|---|---|---|
| OBC | 113 | 602460.00 |
| SC | 21 | 220245.00 |
| ST | 16 | 149230.00 |
| Total | 150 | 971935.00 |

# Free ship Scheme by the Institution

| S. No. | Name of Students | Tuition fee | Concession given in Tuition fee |
|---|---|---|---|
| 1 | Sada Ram | 8200 | 3200 |
| 2 | Jyoti Prajapati | 5000 | 3500 |
| 3 | Rukshar Ali | 5000 | 3500 |
| 4 | D Anusha | 5000 | 3500 |

# महाविद्यालय का पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में कुल पुस्तकों की संख्या – 6,870 थी।

समाचार पत्रिका – 03
पत्रिकाएँ – 10
जर्नल्स – 06

# पुस्तकालय अभ्यास

**गत वर्ष** पुस्तकालय के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण अभ्यास कराये गये जो निम्नानुसार है :–

- दिनांक 02.02.2023 को लायब्रेरी साइंस के विद्यार्थियों के लिए स्किल प्रोग्राम कराया गया जिसका विषय "Book Aequisition and Book Arrangement" था। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को पुस्तकालय में पुस्तको के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई।
- दिनांक 05.04.2023 को पुस्तकालय में विद्यार्थियों को Soul Software के संचालन हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

# आंतरिक मूल्यांकन

महाविद्यालय में सत्र 2022–23 में समय समय पर विद्यार्थियो के लिए इकाई परीक्षा, अर्द्धवार्षिक परीक्षा व मॉडल परीक्षा का आयोजन किया गया। समग्र आंतरिक मूल्यांकन लिखित परीक्षा व पीपीटी प्रस्तुतीकरण, प्रोजेक्ट कार्य, फील्ड वर्क तथा विभिन्न प्रतियोगिताओ के आधार पर किया जाता है।

# सोसायटी एवं इकाईयॉ

## रेडक्रॉस सोसायटी

हमारे महाविद्यालय में रेडक्रॉस सोसायटी का 20/08/2021 में गठन किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी की प्रभारी श्रीमती सरिता ताम्रकार है तथा सोसायटी के वालेन्टीयर के रूप में महाविद्यालय की छात्र–छात्राएॅ भी शामिल है। गतवर्ष रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- 4 जून 2022 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सायकल रैली, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।
- 11 जुलाई 2022 को विश्व जनसंख्या दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय **जनसंख्या विस्फोट एवं बेरोजगारी** था।
- 25 जुलाई 2022 को स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।
- दिनांक 12.08.2022 को आजादी के 75 वर्ष अमृत महोत्सव के अंतर्गत नशा के विरूद्ध शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय में 15 अगस्त 2022 को वृक्षों को रक्षासूत्र बांधकर पर्यावरण की सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया।
- सोसायटी द्वारा 26 अगस्त 2022 को वृद्धाश्रम में सेवा कार्य का आयोजन किया गया।
- 05.09.2022 से 06.09.2022 यूथ रेडक्रास सोसायटी की प्रभारी श्रीमती सरिता ताम्रकार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।
- दिनांक 08.09.2022 को ग्राम जेवरा में साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गई एवं महाविद्यालय में साक्षरता संकल्प दिलाया गया।

- महाविद्यालय में 21 सितम्बर 2022 को विश्व शांति दिवस पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।
- 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 01.10.2022 को जागरूकता रैली एवं नशा उन्मूलन हेतु शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।
- 26 नवम्बर 2022 को रेड़क्रास सोसायटी द्वारा महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं देव विद्यालय के सहभागिता से आनंद मेला का आयोजन किया गया।
- रेडक्रास सोसायटी द्वारा 01 दिसम्बर 2022 को विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता व रैली का आयोजन किया गया।

## महिला सेल

महिला सेल द्वारा महाविद्यालय परिसर में समय समय पर विभिन्न पहलुओं पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो इस प्रकार है–

- दिनांक 14/10/2022 घरेलू हिंसा पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर दिनांक 07.11.2022 को महिला सेल द्वारा ग्राम – चिखली के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 16 फरवरी 2023 में जेवरा हाईस्कूल में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- दिनांक 14 मार्च 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पद्मश्री उषा बारले (पंडवानी गायिका) व शंकराचार्य हास्पिटल की डायलिसिस थेरेपिस्ट डॉ. रमा शिरोमणी एवं डॉ. लक्ष्मी को आमंत्रित किया।

- दिनांक 15/04/2023 को स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन ग्राम – जेवरा में किया गया।

# यौन उत्पीड़न शिकायत निवारण समिति

महाविद्यालय में महिला कर्मचारियों व छात्राओ के लिए ANTISAXUAL HARASSMENT CELL संचालित है, जिसमें वे अपनी आंतरिक समस्याओ का निवारण कर सकती है। समिति की सतर्कता से सत्र 2022–23 के दौरान कोई भी शिकायत का मामला दर्ज नही हुआ है।

# रैगिंग विरोध समिति

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर को पूर्णतः रैगिंग मुक्त बनाने के लिए रैंगिंग विरोधी समिति गठित की गई है। महाविद्यालय में प्रवेश के समय ही रैगिंग विरोधी कानूनो के बारे में छात्र–छात्राओं को अवगत कराया जाता है। समिति के सदस्यों द्वारा छात्र–छात्राओं को काउंसलिंग द्वारा रैगिंग विरोधी कानून की जानकारी दी गई तथा उनसे शपथ पत्र भी भराई गई। समिति की सर्तकता के कारण सत्र–2022–23 के दौरान कोई भी रैंगिंग संबंधी मामला संज्ञान में नही आया है।

# शिकायत निवारण समिति

महाविद्यालय में शिकायत निवारण समिति का भी गठन किया गया है, जिसके अन्तर्गत छात्र– छात्राओं के द्वारा शैक्षिक एवं प्रबंधन संबंधी समस्याओं का निवारण किया जाता है। इस सत्र में 5 शिकायते लिखित रूप में प्राप्त हुई, जिसका निवारण प्राचार्य की उपस्थिति में समिति के द्वारा किया गया।

# शैक्षणिक भ्रमण एवं क्षेत्र कार्य

इस वर्ष बी.कॉम, डी.एल.एड व बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा पर्यावरण विषय के क्षेत्र कार्य के अन्तर्गत कचरा प्रबंधन पर कार्य किया गया। जिसके अन्तर्गत छात्र–छात्राओं द्वारा करीब 100 घरों में सर्वे किया गया व कचरों का किस प्रकार से प्रबंधन करते हैं अर्थात् गीला कचरा व सूखा कचरा के प्रबंधन की जानकारी देने के लिए यह प्रोजेक्ट कराया गया। इसके साथ ही नशामुक्ति पर सर्वे का कार्यक्रम भी छात्र–छात्राओं द्वारा कराया गया। महाविद्यालय क़े छात्र–छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए छत्तीसगढ़ के चंदखुरी ग्राम के अन्तर्गत सोमनाथ नामक दर्शनीय स्थल का भ्रमण कराया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना था।

# फेकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम

इस वर्ष महाविद्यालय द्वारा सात दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन दिनांक 25.05.2023 से 31.05.2023 तक IQAC CELL द्वारा किया गया। जिसका विषय "Thesis Writing and Paper Publication" था। कार्यक्रम के शुरूआत के दिनों में Thesis Writing के प्रथम से अंतिम अध्याय तक की लेखन शैली के विषय में चर्चा की गई। पांचवे दिवस Paper Writing व पब्लिकेशन के बारे में जानकारी दी गई व कार्यक्रम के अंतिम दिन पेपर प्रेजेन्टेसन व सर्टिफिकेट वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सोनिया पोपली (व्याख्याता) सेंट थामस कॉलेज रूआबांधा थी। जिन्होंने समस्त उपस्थित प्राध्यापकों व रिसर्च स्कॉलर्स को Thesis Writing व Paper पब्लिश के बारे में विभिन्न स्तरों में जानकारी दी। यह कार्यक्रम ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही मोड में रखा गया था, जिससे काफी प्रतियोगी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री भूपेन्द्र कुलदीप (रजिस्ट्रार, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय) व विशेष अतिथि के रूप में डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव (डीन छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय) थे। इस कार्यक्रम को मुख्य उद्देश्य प्राध्यापकों व रिसर्च स्कालर्स को शोध कार्य के समय शोध लेखन में आने वाली कठिनाइयों से अवगत कराना था व साथ ही साथ शोध पत्रिका के प्रकाशन के बारे में जानकारी देना था।

# एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार

देव संस्कृति कॉलेज मे दिनांक 13.06.2022 को ''Investment Awareness Webinar" का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि Mr.V.K. Jain थे। जिसके अंतर्गत Mutual Fund में पैसा निवेश कैसे किया जाता है व इस Fund को बाजार में निवश कैसे किया जाता है, के बारे में जानकारी दी गई।

# अतिथि व्याख्यान आयोजन

16 जनवरी 2023 को वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय ''कैरियर गाइडेंस एंड मोटिवेशनल सेमिनार'' था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सेल्फ मोटिवेशन के साथ–साथ स्वयं के कौशल को पहचान कर कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था।

# गोद ग्राम योजना

- दिनांक 21.06.2022 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षण मिडिल स्कूल जेवरा में आयोजन कराया गया।
- 08 सितंबर 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गयी।
- दिनांक 2 अक्टूबर 2022 को गांधी जयंती पर विभिन्न संस्थानों में वृक्षारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 28.10.2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस पर गांवों की शालाओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर, निबंध, रैली, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी।
- 16 फरवरी 2023 स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 15 अप्रैल 2023 को निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

# NGO से अनुबंध (MOU)

महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्यो के लिए विभिन्न संस्थानो के साथ अनुबंध किया जाता है। सत्र 2022–23 में श्री रमेश चंद्र फाउंडेशन (NGO) के साथ दिनांक 10.02.2023 को अनुबंध किया गया। जिसके अंतर्गत दो कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो इस प्रकार है –

- छात्राओं के लिए हेल्थ अवेरनेस प्रोग्राम हा. सेके. स्कूल जेवरा में दिनांक 16.02.2023 को आयोजित किया गया।
- दिनांक 15.04.2023 को संस्थान के विभिन्न चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

# महाविद्यालय की बेस्ट प्रेक्टिस

**इस वर्ष महाविद्यालय में दो बेस्ट प्रेक्टिस को अपनाया गया, जो इस प्रकार हैं –**

- **गतिविधि आधारित कौशल शिक्षण –** इसका मुख्य उद्‌देश्य ग्रामीण छात्रों में कौशल शिक्षण के प्रति इच्छा जागृत करना है। छात्रों में कौशल शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए गतिविधि पर आधारित कार्यक्रम बी.एड़ के प्रशिक्षणार्थी के द्वारा विभिन्न शा. शालाओं में आयोजित किया जाता हैं। जिसके अंतर्गत दीप सज्जा, मेंहदी प्रशिक्षण, कार्ड बनाना, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट व हेंड वाश बनाने का प्रशिक्षण शामिल है। इसके द्वारा छात्र एक आत्मनिर्भर व्यक्तित्व के रूप में सफलता प्राप्त करता है।

- **महिला सशक्तिकरण –** इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं व छात्राओं का सामाजिक सशक्तिकरण करना है। इसके अंतर्गत ग्राम गोद योजना के द्वारा व महिला प्रकोष्ठ के द्वारा निकटस्थ ग्राम जेवरा में विभिन्न प्रकार जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जैसे – ग्राम जेवरा में शा. उच्चतर मा. विद्यालय में छात्राओं के लिए स्वास्थ जागरूकता कार्यक्रम तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए घरेलू हिंसा पर कार्यशाला, महिलाओ के मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम व निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही प्रत्येक महिला दिवस के अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित महिलाओं का सम्मान महाविद्यालय किया जाता है।

## महाविद्यालय की उपलब्धियॉं

- गत वर्ष महाविद्यालय में नेक टीम का आगमन हुआ जिसमें महाविद्यालय को प्रत्यायन की प्रक्रिया के पश्चात $B^{+}$ ग्रेड की प्राप्ति हुई।
- इस वर्ष बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा कु. राशि तिवारी ने CMA फाउन्डेशन की परीक्षा में प्रथम बार में ही सफलता प्राप्त की।
- दिनांक 15.11.2022 से 18.11.2022 तक अन्र्तविश्वविद्यालय बास्केटबाल (महिला) में हमारे महाविद्यालय की प्राध्यापिका कु. आफरीन को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया। यह प्रतियोगिता यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मेघालय में सम्पादित हुआ। बास्केटबॉल दुर्ग सेक्टर में टीम प्रशिक्षक के रूप में भी नियुक्ति की गई।
- इस वर्ष में श्री योगेश कुमार साहू (लाइब्रेरियन) द्वारा नेट की परीक्षा उत्तीर्ण किया गया।
- महाविद्यालय के विभिन्न छात्र–छात्राओं ने सी–टेट व सीजी–टेट जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त किया।

## भविष्य की योजनाऍं–

- नये पाठ्यक्रम बी.एस.सी. व एम. कॉम का प्रारंभ किया जाएगा।
- राष्ट्रीय या अंर्तराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।
- राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की जर्नल्स में सहभागिता किया जाएगा।
- विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण मुद्दों पर कार्य करना।
- राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार में पेपर प्रस्तुतीकरण में वृद्धि।
- राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के साथ MOU।

अंत में मै महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको, गैर शिक्षक कर्मचारियों, छात्रो, अभिभावको, समस्त प्रशासन विभागों, समस्त पत्रकार बंधुओ, सभी सामाजिक संगठनो और उन सभी विशिष्ट व्यक्तियों को धन्यवाद् देना चाहती हूॅ, जिन्होने समय समय पर अपना सहयोग दिया।

मै सभी विद्यार्थियो और समस्त स्टॉफ की तरफ से मुख्यअतिथि का विशेष रूप से आभार व्यक्त करती हूॅ जिन्होने अपने व्यस्त कार्यक्रम से अपना बहूमूल्य समय निकाला और सभी विद्यार्थीयों को अपना आर्शीवाद दिया व उत्साहित किया। आप के सहयोग, सक्रियता व मार्गदर्शन से महाविद्यालय ने अनेक उपलब्धियॉ प्राप्त की है, व ऊॅचाई की बुलंदियो को छुआ है।

मै सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को बधाई देती हूॅ और उनके समृद्ध भविष्य की कामना करती हूॅ।

श्रीमती ममता दुबे
प्रभारी प्राचार्य